हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 20 मार्च 2026

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

12 पथरीली राहों पर नंगे पांव निकली कलश यात्रा, गूंजेंगे...



13 बिना सेफ्टी बेल्ट और हेलमेट के पोल पर चढ़ने को...





बेचना है।
मारूति सुजुकी आल्टो मॉडल- 2016 शानदार कंडीशन में।
फिक्स रेट 2 लाख 10 हजार
संपर्क करें- Mo. 7987124123

## नवरात्रि विशेष



### द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-
दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

## खबर संक्षेप

### तीन वर्षीय आमिना फातिमा ने रखा रोजा

**मैनपुर।** मैनपुर नगर में मुस्लिम समाज द्वारा रमजान का पर्व परम्परानुसार मनाया जा रहा है।



बड़े बुजूर्गो के साथ छोटे बच्चे भी रोजा रखकर अल्लाह की ईबादत कर रहे हैं। मैनपुर नगर में मात्र 3 वर्ष की आमिना फातिमा ने गुरूवार को पहला रोजा रखा आमिना फातिमा ने पहला रोजा रखने पर ईफ्तार के समय परिवार वालों ने उनका जोरदार फूल माला से स्वागत किया। आमिना फातिमा मैनपुर बुखारी हार्डवेयर के संचालक सरफराज मेमन की पुत्री है।

### तहसील साहू संघ की बैठक 21 को

**छुईहा बेलर।** तहसील साहू संघ फिंगेश्वर का कार्यकारिणी की बैठक 21 मार्च को दोपहर 12:00 बजे बाबा कुटी चैतरा में रखा गया है। बैठक की अध्यक्षता फिगेंश्वर तहसील साहू अध्यक्ष खोमन साहू होंगे। वरिष्ठ सदस्य विष्णु साहू ने कहा की संघ जिसमें मनोनीत पदाधिकारी का विस्तार किया जाएगा।

### राजस्व संबंधी शिविर आज

**रसेला।** ग्राम पंचायत रसेला में जिला गरियाबंद अंतर्गत आम नागरिकों की राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राजस्व मंडल वार राजस्व शिविर का आयोजन 16 मार्च से 30 मार्च तक किया जाएगा। जिसमें 20 मार्च दिन शुक्रवार को ग्राम पंचायत रसेला में यहां शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में निम्नलिखित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर तत्काल निराकरण किया जाना है। इसमें अभिलेखों में त्रुटि सुधार के प्रकरण/बी 1 में खातेदारों की नंबरिंग, अविवादित नामांतरण के प्रकरण, अविवादित खाता विभाजन के प्रकरण, अन्य राजस्व संबंधी जनसमस्याएं का शिविर में निराकरण किया जाएगा।

# साल में सिर्फ एक दिन खुलते हैं निरई माता का दरबार, मनोकामना पूरी होने पर चढ़ती है बलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

जिला मुख्यालय से लगे मुहेरा गांव की पहाड़ी पर स्थित निरई माता धाम आस्था, रहस्य और परंपरा का अनूठा संगम है। करीब 200 साल पुराना यह धाम अपनी चमत्कारिक मान्यताओं के कारण पूरे प्रदेश में विशेष पहचान रखता है। यहां न तो कोई मूर्ति है और न ही पारंपरिक मंदिर, फिर भी श्रद्धालुओं की अटूट आस्था इसे विशेष बनाती है। चैत्र नवरात्र के अवसर पर इस वर्ष 22 मार्च (रविवार) को धाम में वार्षिक जात्रा का आयोजन होगा। इस दिन माता के कपाट केवल सुबह 4 बजे से 9 बजे तक, यानी मात्र 5 घंटे के लिए ही खोले जाएंगे। सीमित समय में ही हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन कर अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचते हैं। निरई माता धाम की सबसे बड़ी विशेषता यहां की अखंड ज्योति है, जो नवरात्र के पूरे 9 दिनों तक बिना तेल के लगातार जलती रहती है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह माता की दिव्य शक्ति का प्रमाण है। नवरात्र से पहले पहाड़ी पर दिखाई देने वाला प्रकाश पुंज भी देवी के आगमन का संकेत माना जाता है। धाम में एक विशेष परंपरा के तहत श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर माता को बकरे की बलि अर्पित करते हैं। हर वर्ष हजारों भक्त इस परंपरा का पालन करते हुए यहां पहुंचते हैं। इस स्थल की सबसे अनोखी बात यह है कि यहां किसी प्रकार की मूर्ति या भव्य मंदिर संरचना नहीं है। खुले पहाड़ी स्थल पर ही पूजा-अर्चना की जाती है, जो इसे अन्य धार्मिक स्थलों से अलग बनाती है।

## आस्था का अद्भुत धाम, बिना तेल 9 दिन जलती है ज्योति



### महिलाओं के प्रवेश पर रोक

करीब दो शताब्दियों से चली आ रही परंपरा के अनुसार इस धाम में महिलाओं के प्रवेश और पूजा-पाठ पर रोक है। स्थानीय मान्यता है कि महिलाएं यहां का प्रसाद भी ग्रहण नहीं करतीं। निरई माता धाम पूरे वर्ष बंद रहता है और केवल चैत्र नवरात्र के पहले रविवार को कुछ घंटों के लिए ही खोला जाता है। इसी दिन यहां विशाल जात्रा आयोजित होती है, जिसमें दूर-दराज से श्रद्धालु शामिल होते हैं। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, करीब 200 वर्ष पहले मोहेरा गांव के मालगुजार जयराम गिरी गोस्वामी ने इस स्थल की पूजा व्यवस्था के लिए लगभग 6 एकड़ जमीन दान में दी थी। वर्तमान में उसी भूमि की आय से पूजा-पाठ और जात्रा का आयोजन किया जाता है। निरई माता धाम केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि आस्था और विश्वास का जीवंत उदाहरण है। बिना तेल जलती ज्योति और साल में एक दिन खुलने वाले इस धाम की परंपराएं इसे विशिष्ट बनाती हैं। 22 मार्च को होने वाली जात्रा में एक बार फिर हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन कर आस्था का अद्भुत अनुभव करेंगे।

## रफ्तार का कहर: आंतें बाहर आ गईं, संभलने का मौका तक नहीं मिला


# नवापारा मार्ग पर अज्ञात वाहन ने युवक को कुचला, मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

नवरात्रि के एक दिन पहले फिर दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। रायपुर-नवापारा मार्ग पर बुधवार की देर रात एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में मृत युवक की पहचान जवईबांधा गांव के जिनेंद्र साहू उम्र 20 वर्ष के रूप में हुई है। यह दुर्घटना विशाखापटनम रोड के नीचे रात 9:30 बजे हुई। कहना न होगा कि राजिम-रायपुर-अभनपुर मार्ग पर आए दिन इस तरह की दुर्घटनाएं घटित हो रही है। अधिकतर दुर्घटनाओं में नौजवानो की अकाल मौत हो रही है। इन दुर्घटनाओं के पीछे के कारणों को देखा जाए तो सिर्फ तेज रफ्तार ही प्रमुख कारण के रूप में सामने आ रहा है। वहीं दुर्घटनाओं को अंजाम देने वाले अधिकतर बड़ी गाड़ियों में हाइवा का नाम ही सामने आता है। जानकार बताते है कि हाइवा एक ऐसा वाहन है जो तेज गति से तो चलता ही है अचानक यदि इसे रोकने की नौबत आई तो यह संभव नही रहता, रूकता ही नहीं और दुर्घटना हो जाती है। यदि साल-दो साल के आंकड़ों को देखा जाए तो करीब डेड़ दर्जन से अधिक लोगों की मौत सड़क हादसे में हो चुकी है। आए दिन कोई न कोई दुर्घटना हो रही है। किसी दुर्घटना ▶▶ शेष पेज 12 पर

### बाइक पर तीन युवक सवार थे

बता दें कि बुधवार की रात जिस 20 साल के युवक की मौत हुई है और इसके तीन दिन पहले शहर के एक अस्पताल के सामने बुड़ेनी के जिस युवक की मौत हुई ये भी इन कारणों में शामिल है। बहरहाल बुधवार की घटना के बारे में मिली जानकारी के मुताबिक बाइक पर तीन युवक सवार थे। सड़क निर्माण में जर्क की वजह से पीछे बैठा एक युवक अचानक असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़ा। तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। दुर्घटना इतना भयानक था कि उस युवक का पेट बुरी तरह कुचल गया और उसकी आंतें बाहर निकल आईं। युवक को संभलने का मौका ही नहीं मिल पाया और उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान जिनेंद्र साहू (20 वर्ष) के रूप में हुई जो जवाईबांधा का रहने वाला था।



### पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

इस दर्दनाक घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही अभनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मर्चुरी रवाना किया। दूसरे दिन गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपी वाहन का पता लगाया जा सके। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। उल्लेखनीय है कि रायपुर-अभनपुर-नवापारा-राजिम मार्ग पर पिछले दो वर्षों से अधिक समय से सड़क निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। अधूरी सड़क, जगह-जगह गड्ढे, असमान सतह और अपर्याप्त रोशनी तथा संकेतकों के अभाव के कारण इस मार्ग पर लगातार हादसे होते जा रहे हैं। स्थानीय लोगों में आक्रोश है कि समय पर सड़क निर्माण पूरा नहीं होने के कारण निर्दोष लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है।

# कोटरी और उड़न गिलहरी का शिकार करने वाले पांच और आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में फिर एक बार बड़ी कार्यवाही की गई है। शिकार करने वाले 05 आरोपियों को जेल भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन के कुशल निर्देशन में उदंती-सीतानदी टाईगर रिजर्व गरियाबंद के अन्तर्गत परिक्षेत्र इंदागांव (धुरवागुडी) बफर के अन्तर्गत पीपलखूंटा श्बश बीट आरक्षित वन कक्ष क्रमांक 1204 में वन्यप्राणी कोटरी एवं उडन गिलहरी का शिकार करने वाले 05 आरोपियों को जेल दाखिला किया गया था जिसमें से 01 व्यक्ति हिरासिंग पिता कान्दरु कमार ग्राम अछला, थाना–रायघर, जिला नवरंगपुर (उड़ीसा) को पुछताछ के लिए परिक्षेत्र कार्यालय इंदागांव (धुरवागुडी) बफर लाया गया था पुछताछ के दौरान उनके चाचा के घर 01 नग भरमार बन्दुक को सर्च वारंट जारी कर जप्त किया जा चुका है प्रकरण में सम्मिलित 10 आरोपियों के विरुद्ध परिसररक्षी श्री राम कृष्ण साहू गेमगार्ड के द्वारा दिनांक 13 मार्च को दर्ज कर वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 9,27,29,31,39 (1) द, 50,50 (स), 51 एवं 52 के तहत कार्यवाही किया गया। उपरोक्त प्रकरण में 05 अन्य संदेही फरार थे दिनांक 17 मार्च को सूचना के आधार पर उपरोक्त पांचों आरोपियों को गरियाबंद से एंटी पोचिंग टीम के द्वारा हिरासत में लिया गया। परिक्षेत्र कार्यालय इंदागांव (धुरवागुड़ी) बफर लाकर पुछताछ करने पर सभी आरोपियों ने दिनांक 10 मार्च की मध्य रात्रि छग के गोड़ेना कछार जंगल आरक्षित वन कक्ष क्रमांक 1204 में अवैध प्रवेश कर ▶▶ शेष पेज 12 पर

# बांस नर्सरी में भीषण आग



**मुड़ागांव (कोरासी)।** फिंगेश्वर वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 30 अंतर्गत बोरिद और सरकड़ा के मध्य स्थित बांस नर्सरी में बुधवार रात भीषण आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही वन विभाग को तत्काल अवगत कराया गया, जिसके बाद विभागीय टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना के बाद वन विभाग के कर्मचारी सतर्कता बरतते हुए विभिन्न स्थानों पर तैनात कर दिए गए हैं, ताकि दोबारा ऐसी घटना न हो सके और जंगलों को किसी प्रकार की क्षति से बचाया जा सके।

## धूल भरी आंधी व तूफान से जनजीवन प्रभावित

**मैनपुर।** इन दिनों मौसम का मिजाज बदला हुआ है। गुरूवार को शाम होते ही नगर सहित क्षेत्र में फिर आंधी- तूफान और धुल से लोग परेशान नजर आए।



# ओलावृष्टि से चना, आम महुआ की फसल बर्बाद

**मैनपुर।** पिछले 03-04 दिनों से लगातार हो रही बेमौसम बारिश आंधी- तूफान ओला वृष्टि से वनांचल मैनपुर क्षेत्र के किसान के साथ ही जंगल में निवास करने वाले ग्रामीण बेहद परेशान हो गए हैं। ओला वृष्टि के कारण चना, आम, सरसों और गेहूं महुआ, चार, चिरौंजी की फसल के नष्ट होने के साथ बदरंग होने की संभावना है। मैनपुर कृषि विभाग के अधिकारी श्री ठाकुर ने बताया कि ओलावृष्टि बारिश के कारण चना, गेहूं, सरसों जैसे फसल को नुकसान पहुंचेगा। कितना नुकसान हुआ है अभी इसका आंकलन नहीं किया गया है। जैसे ही आंकड़े आएंगे जानकारी दी जाएगी। खेतों में चने की कटाई चल रही है। बारिश के कारण चना काले पड़ सकते हैं। मैनपुर वनांचल क्षेत्र के ग्रामीण वनोपज पर निर्भर रहते है चार चिरौंजी, महुआ उनके आय का साधन है लेकिन बेमौसम बारिश ओला वृष्टि से भारी नुकसान होने से ग्रामीणों के सामने चिंता सता रही हैं।



# अनियंत्रित ट्रक ने बिजली खंभे को मारी टक्कर, ग्रामीणों ने रातभर बनाया बंधक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

■ बारिश में भीग गई 5 लाख की खाद, पुलिस ने किया हस्तक्षेप

देवभोग डबल लॉक से अधिकृत होरा ट्रांसपोर्ट का पैकेट रासायनिक खाद से लदा ट्रक बीते बुधवार की रात झिरिपानी सहकारी समिति के पास एक बिजली खंभे से टकरा गया, जिससे खंभा क्रैक हो गया। घटना के दौरान मौके पर मौजूद ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और ट्रक को रात भर बंधक बना लिया। इस दौरान हुई बारिश में ट्रक में लदी लगभग 5 लाख रुपये मूल्य की खाद भीगकर खराब हो गई। घटना के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। लंबी वार्ता और समझाइश के बाद आखिरकार ग्रामीण मान गए और ट्रक को जाने दिया गया, जानकारी के मुताबिक, ट्रक झिरिपानी सहकारी समिति खाली कराने पहुंचा था। बुधवार 18 मार्च की रात लगभग 11 बजे ट्रक ने अनियंत्रित होकर बिजली खंभे को टक्कर मार दी, जिससे खंभा क्रैक हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक के रास्ते में लकड़ी और बोल्डर डालकर उसे रोक दिया और रात भर पालियों में पहरा देकर ट्रक को बंधक बना रखा। ग्रामीणों ने मांग की कि जब तक खंभा मरम्मत नहीं हो जाता, ट्रक को नहीं छोड़ा जाएगा। हालांकि, रात भर हुई बारिश में ट्रक में लदा लगभग 5 लाख रुपये मूल्य का 500 पैकेट खाद भीगकर खराब हो गया। अधिकृत प्रतिनिधि जज सिन्हा ने बताया कि बिजली कार्यालय से खंभे की मरम्मत की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। हालांकि आग्रह के बावजूद ग्रामीण ट्रक छोड़ने के लिए तैयार नहीं थे। जज सिन्हा ने कहा कि इस घटना की जानकारी एसडीएम को देकर मदद मांगी गई थी। एसडीएम आरएस सोरी को मामले की जानकारी के लिए कॉल किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। थाना प्रभारी फैजुल शाह हुदा ने बताया कि पुलिस ने संज्ञान में आने के बाद तुरंत मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाया और अंततः ट्रक को छोड़ने पर सहमत कराया। पुलिस ने मामले में आवश्यक विधिवत कार्रवाई करने की बात भी कही है।



## पं. युवराज की देवी भागवत और आरू का सजेगा मंच

# माता झरझरा डोंगरी में नवरात्रि की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोपरा

■ 4 फीट की अंगाकर रोटी होगी आकर्षण

बासंतीय नवरात्र में इस वर्ष अंचल के सुप्रसिद्ध धार्मिक दैवीय स्थल माता झरझरा डोंगरीगांव (मुरमुरा) में जन विकास समिति ग्राम पंचायत मुरमुरा के संयुक्त तत्वावधान में चैत नवरात्रि मे ज्योति जवारा का आयोजन किया गया है। राष्ट्रीय कथा वाचक पं युवराज पाण्डेय का देवी भागवत पुराण का आयोजन किया जा रहा है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के संयोजक राजकुमार यादव ने बताया कि इस पावन अवसर पर 19 मार्च को प्रारंभ होने जा रहे नवरात्रि ज्योति कलश स्थापना और देवी पुराण कथा का आयोजन दौरान 24 मार्च दिन मगंलवार को शाम 05 बजे छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति परंपरा का प्रदर्शन विशेष रूप से किया जाएगा। जिसमें सुप्रसिद्ध ख्यातिप्राप्त लोक गायिका आरू साहू का छत्तीसगढ़ी गीत जगराता देवी गीत और स्थानीय कलाकारों द्वारा पण्डवानी तथा छत्तीसगढ़ का विलुप्त हो रही कला, संस्कृति, खान पान जनजीवन पर आधारित रहन सहन रीति रिवाज अनुसार प्रचलित छत्तीसगढ़ी व्यंजन जिसमें 30 किलो चांवल आटा का 4 फिट 2 इंच का मोटा गाडी चक्का के समान 2 नग अंगाकर पान रोटी बनाया जाएगा, 10 किलो आटा का फरा और मुठिया 10 किलो आटा से चीला रोटी भी बना कर दर्शन करने पहुंचने वाले भक्तो को सुबह 9 से 12 बजे तक टमाटर चटनी, लाल मिर्ची के चटनी के साथ परोसा जाएगा। जिसकी तैयारी में छत्तीसगढ़ के विलुप्त हो रही कला, संस्कृति, वेषभुषा, खान पान सभ्यता और परम्परा के संरक्षण और संवर्धन के लिए समर्पित लोहरसी निवासी लोक कला मंच संझा बिहनिया के संचालक राजकुमार यादव, गरियाबंद जिला के सिरजन संस्था के संस्थापक गौकरण मानिकपुरी फुलझर और अन्य सहयोगी साथी गण तैयारी मे लगे हुए हैं। इस अवसर को और अधिक लोकप्रिय और धर्ममय सांस्कृतिक चेतना को विस्तृत रूप देने गरियाबंद और ▶▶ शेष पेज 12 पर





# मंडी बोर्ड के ठेकेदारों का फूटा गुस्सा, काम पूरा होने के बाद भी करोड़ों का भुगतान अटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

मंडी बोर्डमें कार्यरत ठेकेदारों ने भुगतान के विलंब होने पर आरोप लगाते हुए कहा है कि तकनीकी मापदंडों पर खरा उतरने के बावजूद फाइनल बिल रोकने का खेल शुरू किया गया है। ठेकेदारो ने सवाल किया है कि आखिर किसके दबाव में एमबी पूरा नहीं किया जा रहा। ठेकेदारों का कहना है कि उन्होंने स्वीकृत एस्टीमेट और ड्राइंग के अनुसार शत-प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया है, लेकिन इसके बावजूद विभाग के अधिकारी फाइनल बिल बुक करने और भुगतान की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में जानबूझकर देरी कर रहे हैं। ठेकेदारों ने प्रमाणित किया है कि राजिम और गरियाबंद क्षेत्र के निर्माण कार्यों में शासन द्वारा निर्धारित गुणवत्ता और प्राक्कलन का पूर्ण पालन किया गया है। कार्य पूर्ण होने के हफ़्तों बाद भी इंजीनियर 'सत्यापन' और 'मेजरमेंट बुक' भरने के नाम पर लेटलतीफी कर रहे हैं। जब ठेकेदार एस्टीमेट के अनुरूप काम पूरा होने का प्रमाण देते हैं, तो अधिकारी संतोषजनक जवाब देने की बजाए उन्हें एक दफ्तर से दूसरे दफ्तर दौड़ाते रहे हैं। बिना किसी लिखित तकनीकी आपत्ति के बिलों को रोकना अधिकारियों की नीयत पर संदेह पैदा ▶▶ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### योगेश यादव बने सहायक विकास विस्तार अधिकारी

**रसेला।** मलेवांचल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रसेला के युवा योगेश यादव पिता प्रकाश यादव का सहायक विकास विस्तार अधिकारी के पद पर चयन होने से पूरे गांव और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस उपलब्धि पर ग्रामवासियों, क्षेत्रवासियों तथा शुभचिंतकों ने उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। योगेश यादव एक साधारण मध्यमवर्गीय कृषक परिवार से संबंध रखते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य को कभी कमजोर नहीं पड़ने दिया और निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया। उनकी इस सफलता ने यह साबित कर दिया कि सच्ची मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि योगेश बचपन से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि से गांव के अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी।

### टीकेश्वरी का नवोदय विद्यालय में चयन

**फिंगेश्वर।** जवाहर नवोदय विद्यालय परीक्षा 2026 में शासकीय प्राथमिक शाला मौलीपारा, बासीन की छात्र कुमारी



टीकेश्वरी तारक पिता नेतराम तारक का चयन हुआ है। चयन होने पर गांव में खुशी का माहौल है। हेमंत कुमार साहू विकासखंड शिक्षा अधिकारी फिंगेश्वर, सुभाष शर्मा विकासखंड स्त्रेत समन्वयक फिंगेश्वर, पीआर बाघमार संकुल प्राचार्य बासीन, टोमन लाल साहू संकुल समन्वयक बासीन, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सदस्य गण,श्रीमती सती गायकवाड़ प्रधान पाठक नीतू भरतद्वाज व तेजराम साहू शिक्षक एवं ग्राम बासीन के समस्त नागरिकों ने उज्वल भविष्य की कामना की है।

### ओला वृष्टि से घायल उल्लू का वन विभाग ने रेस्क्यू कर किया इलाज



मैनपुर। बुधवार को मैनपुर क्षेत्र में हुई भारी ओला वृष्टि से एक उल्लु बुरी तरह घायल हो गया जिसे वन विभाग द्वारा रेस्क्यु कर उपचार किया जा रहा है।

# पथरीली राहों पर नंगे पांव निकली कलश यात्रा, गूंजेंगे देवी भागवत के प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन डोंगरी गांव में बीच पहाड़ी बसे मां झरझरा देवी मंदिर पर ग्राम मुरमुरा से झरझरा तक दो किलोमीटर दूरी तय कर श्रद्धालुओं ने श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा का कलश यात्रा निकाला भारी संख्या में गांव के लोग वह क्षेत्र के श्रद्धालु पहुंचे हुए थे तपती धूप और पथरीली चट्टानों से नंगे मां के भक्तों ने तय कर कलश यात्रा को संपन्न किया श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा को लेकर भक्तों में काफी उत्साह और उमंग देखने को मिल रहा है दूर-दूर से श्रद्धालु व भागवत कथा श्रोता पहुंच रहे हैं और भारी जोरो सोरों से तैयारी हो चुकी है चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा का आयोजन

**श्रद्धालुओं के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था**







गरियाबंद जिले के ही अमलीपदर निवासी छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र पंडित युवराज पांडे के मुखारविंद से सात दिनों तक माता रानी की महिमा को बखान करेंगे। कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी भक्तजनों के लिए उत्तम व्यवस्था आयोजक समिति द्वारा की गई है पानी से लेकर पार्किंग व्यापारी और अन्य सुविधाओं को भी व्यवस्था बनाई गई है लोगों को भटकना न पड़े जिसको लेकर जगह-जगह पोस्टर भी लगाए गए हैं वाहनों को सुरक्षित रखने के लिए उत्तम पार्किंग की व्यवस्था बनाई गई है जिसमें गाड़ी मालिक सुरक्षा मे अपने गाड़ी को पार्किंग में पार्क कर सकते हैं चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस पर भारी संख्या में लोग झरझरा मंदिर पहुंचे और माता रानी से अपनी मनोकामना पूर्ण होने की आशीर्वाद लिया इसे नवरात्र में लगभग 500 से भी अधिक आस्था के दीप प्रज्वलित किए गए हैं। माता रानी के प्रति आस्था और प्रेम श्रद्धालुओं में देखते ही बनता है, आने वाले नौ दिनों तक घनघोर जंगल के बीच लोगों की भीड़ और माता रानी के प्रति आस्था ज्ञान रूपी गंगा से सरा बोर कर देगा।

## मंत्री के दो मिनट के फैसले से प्रतिनिधिमंडल आहत, अब 40 गांवों की महाबैठक में बनेगी रणनीति

# कृषि कॉलेज मुद्दे पर बैठक बेनतीजा मंत्री के जवाब से बढ़ा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर में कृषि महाविद्यालय निर्माण का मामला अभी भी संभावनाओं के गर्त में है। इस के लिए नगर के जागरूक एवं वरिष्ठ नागरिकों द्वारा बनाई गई। नगर विकास सेवा संघर्ष समिति ने प्रशासन के आग्रह पर कृषि मंत्री से मुलाकात भी की, परंतु कृषि मंत्री द्वारा आहूत बैठक में हतप्रभ कर देने वाली एकतरफा बयानबाजी से इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। कृषि मंत्री के निवास नया रायपुर में फिंगेश्वर विकास संघर्ष सेवा समिति के सदस्य 9:30 बजे सुबह से 11 बजे तक बैठे रहे जबकि मंत्री के द्वारा व्यस्तता बताते हुए समिति सदस्यों को सुबह 9:30 बजे बुला लिया था। परंतु मंत्री रामविचार नेताम 11 बजे निवास से बाहर आए और फिंगेश्वर वालों को बुलाकर अपना निर्णय सुना दिया। इससे फिंगेश्वर में महाविद्यालय बनने के निर्णय में समन्वय नहीं बन पाया। मंत्री के साथ विधायक रोहित साहू भी थे। समिति के सदस्य कृषि मंत्री से बातचीत कर बीच का रास्ता निकालने गए थे परंतु मंत्री महोदय लगभग 2 घंटा लेट निकले और बिना समिति का पक्ष जाने, उनसे बात किए अपना निर्णय सुना दिया। मंत्री महोदय के इस व्यवहार पर वहां उपस्थिति समिति के सचिव अशोक साहू के बयान से विवाद जैसी स्थिति हो गई और मंत्री जी विधानसभा निकल गए। इस स्थिति में कोई निर्णय फायनल नहीं हो पाया। समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत हरित, रामूराम साहू, अशोक राजपूत आदि ने मंत्री जी के इस उपेक्षापूर्ण व्यवहार से काफी व्यथित हुए। उन्होंने कहा कि हम मंत्री जी के साथ बैठकर चर्चा करने आए थे।सुबह सुबह बिना खाए पिए घर से निकले और 2 घंटा इंतजार के बाद जब मंत्री जी आवास से बाहर आए और मात्र 2 मिनट में अपना फैसला सुना दिया। जबकि हमारी एवं हमारे किसी सदस्य से मंत्री जी ने बात ही नहीं की। लगता है मंत्री जी किसी के दबाव में है।

**अब महाबैठक से तय होगी आगे की राह**

उन्हें बैठकर हमसे बातचीत करनी थी। हमें विश्वास है कि फिंगेश्वर में कालेज खोलने की हमारी दलील से मंत्री जी का निर्णय भिन्न होता। हम सभी 20 लोग मंत्री जी से बात करने गए थे न कि मात्र उनका निर्णय सुनने। 30 सदस्यीय प्रतिनिध मंडल को मंत्री जी ने काफी हल्के में लिया। इससे प्रतिनिधि मंडल सहित पूरे नगर में काफी असंतोष है। बताया जाता है कि विधायक महोदय शुरू से मंत्री जी के साथ थे। उन्हें मंत्री जी के निर्णय और फिंगेश्वर से गए 30 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल की जिज्ञासा की पूरी जानकारी थी।उन्हें तो मंत्री जी और प्रतिनिधि मंडल के बीच सेतु का काम कर कोई सम्मानजनक हल निकलना था। परंतु 2 मिनट में मिटिंग समाप्त कर मंत्री महोदय



ने काफी अपरिपक्वता का परिचय दिया।नगर विकास सेवा संघर्ष समिति मंत्री जी से मिलकर उनके द्वारा किए गए व्यवहार से काफी आहत हुई है। समिति द्वारा नगर में क्षेत्र के लगभग 40 गांव के ग्रामीणों की महाबैठक कर फिंगेश्वर में ही कृषि महाविद्यालय के निर्माण के लिए आगे की रूपरेखा बनाएगा। इस संबंध में नगर विकास सेवा संघर्ष समिति ने ग्रामीणों से मिलकर रणनीति बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। महाबैठक के लिए ग्रामवार आमंत्रण दिया जा रहा है।

## मराठा समाज ने फहराया विजय ध्वज खंडोबा मंदिर में ज्योति कलश स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

धर्मनगरी राजिम में नव संवत्सर और गुड़ी पड़वा का पर्व मराठा बंधुओं द्वारा पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय मराठा परिवारों ने विधि-विधान से गुड़ी (ध्वज) की पूजा-अर्चना की और एक-दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। आदर्श राव शिंदे ने गुड़ी पड़वा के गूढ़ अर्थ और इसके ऐतिहासिक महत्व से विस्तार से अवगत कराया।



सूर्योदय के साथ ही मराठा परिवारों में उत्सव का माहौल रहा। घरों के मुख्य द्वार पर सुंदर रंगोली सजाई गई और नीम के पत्तों व फूलों से बंदनवार बनाए गए। समाज के बंधुओं ने एक स्थान पर एकत्रित होकर पारंपरिक 'गुड़ी' खड़ी की, जिसमें तांबे के कलश, जरी के वस्त्र, नीम की पत्तियां और शक्कर की माला (गाठी) का उपयोग किया गया। आदर्श राव शिंदे ने गुड़ी पड़वा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि हमारी विजय और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने इसके विविध पहलुओं की व्याख्या करते हुए निम्नलिखित बातें साझा कीं: ऐतिहासिक गौरवः शिंदे जी ने बताया कि यह दिन छत्रपति शिवाजी महाराज की विजय गाथा और स्वराज्य की शक्ति का प्रतीक है। मराठा इतिहास में गुड़ी को विजय ध्वज के रूप में ऊंचा रखा जाता है। सृष्टि का आरंभः पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी, इसीलिए इसे 'सृष्टि का प्रथम दिन' या 'नव संवत्सर' माना जाता है। प्रभु राम का आगमनः उन्होंने उल्लेख किया कि रावण वध के पश्चात जब प्रभु श्री राम अयोध्या लौटे थे, तब लोगों ने विजय पताका फहराकर खुशी मनाई थी, गुड़ी उसी विजय का सूचक है। स्वास्थ्य का संदेशः उन्होंने नीम और मिश्री के मिश्रण के सेवन का वैज्ञानिक महत्व समझाते हुए कहा कि यह बदलते मौसम में शरीर को शुद्ध करने और रोगों से लड़ने की शक्ति प्रदान करता है। चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन स्वर्ण तीर्थ घाट स्थित देवाधिदेव खंडोबा एवं आई तुलजा भवानी मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इस अवसर पर मराठा समाज के प्रदेश अध्यक्ष राघोबा महाड़िक, प्रदेश महासचिव आशीष शिंदे, सहित ललित महाड़िक, जगमोहन घाटगे, सुरेश जाधव, दिगेंद्र चौहान, अनमोल शिंदे, नयन पालकर सहित अन्य उपस्थित सदस्यों ने देश और प्रदेशवासियों को नवसंवत्सर की बधाई दिए।

## मंडप ऋषि बाबा आश्रम में कर्मा जयंती की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

बोरसी परिक्षेत्र साहू समाज द्वारा पापमोचनी एकादशी के पावन अवसर पर मंडप ऋषि बाबा कुटी आश्रम कर्मा मंदिर में श्रद्धा और उल्लास के साथ कर्मा जयंती मनाई गई। इस अवसर पर आश्रम स्थित मंदिर में माता कर्मा को खिचड़ी का भोग अर्पित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से पूजा-पाठ संपन्न कराया। आयोजन स्थल पर धार्मिक वातावरण बना रहा और समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। इस दौरान परिक्षेत्र अध्यक्ष गोवर्धन साहू, उपाध्यक्ष टिकेश्वर साहू, महिला उपाध्यक्ष रामबाई, संगठन सचिव डिगेश, महिला संगठन सचिव देवेन्दी, कार्यकारिणी



अध्यक्ष चम्मान साहू, कोषाध्यक्ष चिंताराम साहू, उपकोषाध्यक्ष बलराम साहू, सचिव सियाराम साहू, पूर्व अध्यक्ष कमलेश साहू, सहसचिव धर्मेन्द्र साहू एवं डुकेश्वर सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा संरक्षक मोहन साहू, श्रीराम साहू, तेजराम, बिसाहू साहू, दयाराम साहू, कनिष्ठ उपाध्यक्ष धनीराम, प्रदीप साहू, नंदकुमार, अंकेक्षक हुमन लाल साहू, पवन साहू, संगठन मंत्री अशोक साहू, तुलस नारायण साहू, प्रचार सचिव यश कुमार, झयलेश साहू, शिवराम, संयोजक रेवा साहू, द्वारिका साहू, ईश्वरी, सहसंयोजक कमलू, डिगेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। कार्यक्रम में सलाहकार छन्नू, सोहन, सुखदेव, जीतराम, हरख, रूपकुमार, प्रचार मंत्री रामकुमार, नकुल, उमेंद्र, नरेश साहू कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और समाज की एकता व समृद्धि की कामना की गई।




## पेज 11 के शेष...

### नवापारा मार्ग पर...

में लोगों की जान जा रही है तो कईयो में मवेशियो की। सुबह से लेकर शाम तक किसी भी वाहन चाहे वह चारपहिया हो, छहपहिया हो अथवा दोपहिया, और तो और ट्रैक्टर वाले भी इस कदर एक्सीलेटर को दबाकर दौड़ाते है कि उसे देखने से ही एकबारगी हर किसी के मन में भय समा जाता है। यदि सामने से कोई अचानक आ गया तो समझो उसकी मौत निश्चित है क्योंकि ट्रैक्टर के ब्रेक भी आसानी से नही लगता। बावजूद शहर के बीच से गुजरते हुए इस तरह से तेज रफ्तार देखने को मिलता है।

### कोटरी और उड़न...

वन्यप्राणी कोटरी एवं उड़न गिलहरी का तीर धनुष एवं गुलेल द्वारा शिकार का अपराध स्वीकार किया आरोपी प्रभुलाल के घर से कोटरी का लगभग 100 ग्राम मांस बरामद किया गया। सभी आरोपियों को दिनांक 18 मार्च को न्यायालय प्रथम श्रेणी देवभोग के समक्ष प्रस्तुत किया गया एवं जहां से माननीय न्यायालय के आदेश पर 10 दिनों के न्यायिक अभिरक्षा पर जिला जेल गरियाबंद दाखिला किया गया।

### माता झरझरा डोंगरी...

धमतरी जिले के सिरजन संगठन के सभी कलाकारों को भी इस दिन आमंत्रित किया गया है। **तैयारियों में जुटा प्रशासन और समिति-** आयोजकों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार कथा वाचन सत्संग के साथ साथ रोज देवी भजन जस सेवा दूर-दूर से आए और आंचलिक कलाकारों के द्वारा लगातार नौ दिनों तक भजन कीर्तन चलता रहेगा। पूरे कार्यक्रम को सुव्यवस्थित करने मां झरझरा जन विकास समिति के पदाधिकारी गण लगे हुए हैं, जिसमें अध्यक्ष ढाल सिंह साहू , सचिव रुपेश कुमार साहू, संचालक मोहन लाल साहू, अनिल कुमार साहू, भिखारी राम साहू, सरपंच दीपक कुमार साहू, रेखराम साहू, सुरेन्द्र कुमार साहू, कुलेश्वर साहू, जीवन साहू, अगेश राम साहू, फूलसिंग साहू, मिडिया प्रभारी उरेन्द्र साहू हैं। इस दौरान यह भव्य आयोजन क्षेत्र में प्रथम बार है, इस अनूठा पहल को देखने गांव गांव से जनमानस के बिच चौपाल मे चर्चा का विषय बना हुआ है। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के कथा वाचक को सुनने एवं कथा श्रवण लाभ लेने आस-पास और दूरस्थ क्षेत्रों से रसिक श्रोताओं के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि और मंत्री विधायक और सांसदों आधिकारी कर्मचारीयो को आमंत्रित किया गया है।

### मंडी बोर्ड के ठेकेदारों...

करता है। ठेकेदारों ने कहा कि काम पूरा होने के बाद भी बिल बुक न होने से ठेकेदारों की करोड़ों की राशि अटक गई है। इससे न केवल उनके व्यापार पर असर पड़ रहा है, बल्कि लेबर पेमेंट और बैंक की भारी भरकम ब्याज दरें उन्हें कर्ज के दलदल में धकेल रही हैं। स्थानीय ठेकेदारों ने आरोप लगाया है कि जब काम नियमानुसार पूरा हो गया है, तो आखिर बिल रोकने के पीछे कारण क्या है? ठेकेदारो ने जिला प्रशासन और मंडी बोर्ड के उच्च अधिकारियों से मांग किया हैं कि एक स्वतंत्र तकनीकी टीम भेजकर कार्यों की जांच कराई जाए और एस्टीमेट के अनुसार सही पाए जाने पर 7 दिनों के भीतर बिल बुक कर भुगतान सुनिश्चित किया जाए।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### गिरिराज साहू का नवोदय में चयन

**छुईहा बेलर।** बहेरापाल में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता और संस्कार आधारित शिक्षा के लिए चर्चा में है। विद्यालय ने लगातार दूसरे वर्ष जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस वर्ष कक्षा के प्रतिभावान छात्र गिरिराज साहू, पिता धर्मेन्द्र साहू, का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भी विद्यालय के दो छात्रों ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त की थी। इस उपलब्धि के पीछे सतधारा ज्ञान दीप शिक्षण समिति के सदस्यों का मार्गदर्शन एवं विद्यालय परिवार का समर्पित प्रयास रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमलाल साहू के नेतृत्व में आचार्य टुमेश्वर साहू तथा शिक्षिकाएं मंजू साहू, लक्ष्मी विश्वकर्मा, शालिनी साहू और रेणुका साहू ने विद्यार्थियों को निरंतर मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही शिक्षक उत्तम साहू एवं टुमेश्वर साहू का विशेष योगदान भी सराहनीय रहा।

### नील गाय की तस्वीर कैमरे में कैद




मैनपुर। उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र के जंगल दुर्लभ वन्य प्राणियों से भरा क्षेत्र है यहां इन दिनों लगातार वन्य प्राणियों की तश्वीर कैमरे में कैद हो रही है। आज फिर एक बार जंगल में स्वत्रंत रूप से विचरण करते नील गाय की तश्वीर कैमरे में कैद हुआ है जिसे उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने उपलब्ध कराई है।

### विडंबना : मैनपुर में जान जोखिम में डाल रहे प्रकाश के प्रहरी

# बिना सेफ्टी बेल्ट और हेलमेट के पोल पर चढ़ने को मजबूर बिजली कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में विद्युत कर्मी बिना सेफ्टी बेल्ट के पोल पर चढने को मजबूर है जिससे कभी भी बड़ी दुघर्टना हो सकती है। इतना ही नहीं विद्युत कर्मियों को कई वर्षो से वर्दी, हेल्मेट एंव टूल बाक्स नहीं मिला है। इस क्षेत्र में विभाग व कंपनी के द्वारा लगभग एक दर्जन विद्युल लाईनमेंन एंव सहायक लाईमेन तथा अन्य कर्मचारी पदस्थ है लेकिन आज तक इन्हे सेफ्टी बेल्ट नहीं दिया गया है। इसके बावजूद अधिकारियों के निर्देश पर उन्हे बिना सेफ्टी बेल्ट के पोल पर चढना पड़ता है। जान जोखिम में डालकर कार्य करना पडता है, जिससे हमेंशा गंभीर दुघर्टना का डर बना रहता है इसके बाद भी विद्युत विभाग के आला अधिकारियों का इस ओर ध्यान न देना समझ से परे है और तो और यहा क्षेत्र घंने जंगल व अंतिसंवेदनशील क्षेत्र है, रात में बिजली बंद हो जाने से बारिश व ठंड के दिनों में रात में ही बिजली के फाल्ट ढुढंने जंगल में उन्हे कई किलोमीटर पैदल जाना पडता है, जिससे जहरीले जीव जन्तुओ सर्प बिच्छुओं का भी डर बना रहता है कई बार जहरीले सर्पो से इनका सामना हुआ है बावजूद इसके इन विद्युत कर्मचारियों को सुरक्षा के लिहाज से विभाग द्वारा कोई खास सुविधाए नहीं दिया जा रहा है।



#### उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा गया



बिजली विभाग गरियाबंद के कार्यपालन यंत्री हेमंत ठाकुर ने चर्चा में बताया कि विद्युत विभाग के कर्मियों को सभी सुविधाए समय समय पर उपलब्ध कराई जाती है, और विद्युत कर्मियों को सेफ्टी बेल्ट व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए समय - समय पर विभाग के उच्च अधिकारियों को उनके द्वारा पत्र भेजा गया है। कुछ माह पहले इन्हे उपलब्ध कराया गया था फिर भी मै पता करके बता रहा हूं।

#### साधनों का अभाव और खतरे में जान

लंबे समय से विद्युत कर्मियों द्वारा वर्दी, हेल्मेंट, सेफ्टी बेल्ट, जंगल में रात के समय पैदल गस्त के दौरान सुरक्षा के दृष्टि से लांग बूट की मांग कई बार किया जा चुका है लेकिन अब तक इन्हे ये सुविधाए नही मिल पाई है अपने उच्च अधिकारियों के पास इन मांगो को प्रत्यक्ष रूप से रखने में कई कर्मचारी संकोच करते है लेकिन हमेंशा खतरों से खेलने वाले और क्षेत्र के सैकड़ों गांव को अंधेरे से उजाला और प्रकाश फैलाने वाले इन विद्युत कर्मियों को यह सुविधाए मिलनी चाहिए। विद्युत कर्मचारियों को वर्दी देने से इनकी अलग से पहचान होगी, आज इनके पास वर्दी नही है, जिसके कारण ग्रामीण ईलाको में इसका फायदा दुसरे लोग उठाते दिखते है कोई भी बिजली के पोल में चढकर विद्युत सुधार कार्य में लग जाते है लोग समझ ही नही पाते कि ये विद्युत कर्मचारी है या फिर कोई और सादे कपडो में उपभोक्ताओं को उनकी पहचान नही हो पाती इससे कर्मियों को भारी परेशानी का सामना करना पडता है।

#### विभागीय गाज गिरने का डर

विद्युत कंपनी ने पदस्थ कुछ कर्मियो नें बताया सेफ्टी बेल्ट, वर्दी, टुल बाक्स, हेल्मेंट के अभाव में लाईन का काम करना पड़ रहा है। सामग्री के नहीं होने पर कार्य के दौरान हो रही परेशानी के विषय किससे कहे कुछ बोलने पर विभागीय गाज गिरने का डर लगा है इसलिए अपने -अपने से आला अधिकारियों को परेशानियों की जानकारी भी नहीं दे पाते।

## लोगों को बकाया बिजली बिल में मिलेगी छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



क्षेत्र में बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत की खबर है। आर्थिक कठिनाइयों के चलते बकाया बिजली बिल से जूझ रहे उपभोक्ताओं को अब /" मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना /"के तहत विशेष छूट का लाभ मिलेगा। इस योजना के माध्यम से क्षेत्र में हजारों उपभोक्ताओं को बकाया बिल भुगतान में राहत प्रदान की जाएगी। साथ ही 20 मार्च यानी आज दिन शुक्रवार को रसेला सब डिवीजन आफिस में मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान योजना का शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिन उपभोक्ताओं का विधुत बिल 31/03/2023 के पूर्व की स्थिति में आज पर्यंत तक बकाया है,या बिल जमा नहीं हुआ है, ऐसे सक्रिय, असक्रिय घरेलू और कृषि कनेक्शन वाले उपभोक्ता अपना सर्विस क्रमांक एवं मोबाइल नंबर दर्ज करवाकर छूट की पात्रता एवं छूट की राशि की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। और लाभ लेने के लिए पंजीयन करवा सकते हैं। इस योजना का लाभ पात्र होने वाले उपभोक्ताओं को ही लाभ मिलेगा। योजना के तहत बीपीएल परिवारों को मूल बकाया राशि में 75 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी, जबकि घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को 50 - 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। वहीं सभी वर्गों के उपभोक्ताओं को अधिभार राशि में 100 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा, इससे उपभोक्ताओं की बड़ी आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है। उपभोक्ता अपनी सुविधा अनुसार एकमुश्त या किस्तों में भुगतान कर सकते हैं। हालांकि योजना का लाभ लेने के लिए पंजीयन अनिवार्य है। इसके लिए बिजली विभाग की वेबसाइट, मोबाइल एप या नजदीकी कार्यालय में जाकर आवेदन किया जा सकता है। योजना के प्रचार-प्रसार और पंजीयन के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा 20 मार्च से ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष शिविर लगाएं जाएंगे। साथ ही किसी भी प्रकार की जानकारी उपभोक्ता टोल फ्री नंबर 1912 पर संपर्क कर सकते हैं।

## महेन्द्र पंत कर्मवीर रत्न से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छतीसगढ़ द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला धमनी संकुल किरवई के शिक्षक महेन्द्र पंत को राज्य स्तरीय कर्मवीर रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। शिक्षा, समाज सेवा तथा शिक्षक हित में कार्यरत राज्य स्तरीय संस्था शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छतीसगढ़ द्वारा राज्य भर में शिक्षा, समाजसेवा, साहित्य, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण तथा अन्य क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अकादमी के द्वारा राज्य के उत्कृष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया जाता है जिसके तहत राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन वृंदावन हाल सिविल लाइन रायपुर मे किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन तथा प्रमुख अतिथी बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे थी।

## मंदिरों में प्रज्वलित हुए मनोकामना ज्योति कलश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

शक्ति उपासकों की धरती में लोक आस्था और क्षेत्रीय संस्कृति का अदभुत मिश्रण विकसित हुआ है। चैत्र नवरात्र में क्षेत्र के देवी मंदिर जगमग उठें है। गांव से लेकर अंचल के मंदिरों में लगातार नौ दिनों तक अखंड ज्योत की परिकल्पना में व्यष्टि से समष्टि का भाव दिखता है। वैदिक और पौराणिक ही नहीं, ग्रामीण परंपरा में भी अग्नि पवित्र शक्ति है। कौन किसके लिए प्रेरक बना, यह तय करना कठिन है, परंतु ज्योत से ज्योत जली और अब पूरे क्षेत्र की परंपरा है। यह व्यक्तिगत धार्मिक मान्यता के साथ ही सामुदायिक और सामाजिक भागीदारी का प्रतीक है। यह मनोकामना की ज्योत है। ग्राम क न सि घी , के व टी झ र , पीपरछेडी के शीतला मंदिर में जगमगाते मिट्टी के ज्योतो में अमीर गरीब, ऊंच नीच,



अगडा, पिछड़ा, अपना पराया जैसे कोई भेद नहीं है। घरों में अखंड ज्योत जलाने वालों ने अपने लिए यहां भी ज्योत जलवा रखी है। दूसरी तरफ जो घर से पूरी शुद्धता और शुचिता के साथ पुजा पाठ, साधना, अराधना में स्वयं को सक्षम नहीं पाते, उनका दीपक भी मंदिर की पंक्तिपद्द ज्योतो में शामिल हैं। चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर क्षेत्र के देवी मंदिरों में भक्तों की आस्था के ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं, जो सुख समृद्धि और मनोकामना पूर्ति का प्रतीक है। ये ज्योत या तो घी की या तेल की होती है,जो नवरात्रि के नौ दिनों तक लगातार जलती रहती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह दीपक नकारात्मक ऊर्जा को दूर कर सकारात्मक वातावरण का संचार करता है। इन ज्योतो के साथ मंदिरों या घरों में जवारा भी बोए गए हैं,जिनका समापन के दिन विसर्जन किया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### पूनम ठाकुर का नवोदय में चयन



**रसेला।** जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर एवं जिला मिशन समन्वयक शिवेश शुक्ला के मार्गदर्शन में और शालाओं के सभी शिक्षकों के विकास खंड छुरा के अंतिम छोर मलेवा अंचल में संचालित प्राथमिक शाला कुडेरादादर संकुल मुढीपानी के छात्रा कुमारी पुनम ठाकुर पिता बंशी ठाकुर माता सुरेश्वरी ठाकुर के पुत्री कक्षा पांचवीं के छात्रा नवोदय विद्यालय में चयन होने पर ठाकुर को हार्दिक बधाई। यह शानदार सफलता आपकी कड़ी मेहनत,लगन और प्रतिभा का प्रमाण है। इस उपलब्धि के प्रेरणा स्त्रोत शिक्षक बालमुकुंद साहू, चोवालाल पहाड़ियां, प्रधानपाठक गोवर्धन यदु, ताराचंद, शिक्षिका टेश्वरी ध्रुव, रूपारानी साहू, माध्यमिक शाला के शिक्षक भीषम कोमर्रा, सुशील वर्मा, देवानंद नेताम, मिथलेश साहू, सरपंच तुलेश्वर ध्रुव, जनपद सदस्य बिमला नागेश, शाला के अध्यक्ष ओमप्रकाश दीवान, ग्राम पटेल घनश्याम साहू, माध्यमिक शाला के अध्यक्ष कृष्णा साहू, नारायण सिंह ठाकुर, चैनू राम, केजूराम ध्रुव, सहित ग्राम प्रमुख और जनप्रतिनिधियों ने नवोदय में चयन पर ठाकुर को बहुत बहुत बधाई, आपकी सफलता ने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं। यह प्रतिष्ठित संस्थान आपको न केवल उत्तम शिक्षा, बल्कि सुनहरे भविष्य के लिए बेहतरीन अवसर प्रदान करेगा।

### काव्या का नवोदय में चयन



**नवापारा-राजिम।** शासकीय प्राथमिक शाला मानिकचौरी के कु. काव्या पिता संतोष ध्रुव का नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा कक्षा 6वीं में चयन हुआ है। इनके चयनित होने पर सरपंच हेमलता साहू, पूर्व सरपंच बुध्देश्वर साहू ने कॉपी, पेन और पुस्तक भेंट कर उज्जवल भविष्य की शुभकामना देकर मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य साव सर, खेमराज ध्रुव, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सविता भारती, भावना साहू मौजूद थे।

### कुशमिता का नवोदय विद्यालय में चयन

**अभनपुर।** ग्राम पंचायत खिलोरा निवासी गिरवर पटेल की सुपुत्री कुशमिता पटेल का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा आयोजित नवोदय प्रवेश परीक्षा में हुआ है। कुशमिता की इस उपलब्धि से पूरे गांव में हर्ष का माहौल है। कु.कुशमिता ने इस सफलता का श्रेय एम्बिशन कोचिंग संस्थान सिवनी के संस्थापक बी.आर. रात्रे सर, माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है।

## पर्व : पंड़ित के मंत्रोच्चारण के बीच शुभ मुहुर्त में ज्योति कलश जलाए गए

# देवी मंदिरों में उमड़ा जनसैलाब, काली मंदिर में 272 ज्योति कलश प्रज्वलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

नवापारा शहर के सुप्रसिद्ध मां काली मंदिर में 272 ज्योति कलश मंदिर समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू की मौजूदगी में पंडित के मंत्रोच्चारण के बीच शुभ मुहुर्त में प्रज्जवलित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष चतुर जगत, प्रकाश, दिलीप यादव, आयुष ठाकुर, पंचु पंडा, नंदु पंडा, मनोज यादव, शेखर ध्रुव पंडा, मन्नु तारक, डॉ. तेजेंद्र साहू सहित देवी मां के भक्त बड़ी संख्या में मौजूद थे। मालूम हो कि नवरात्रि पर्व की शुरूआत के साथ ही गुरुवार को पूरा नवापारा शहर भक्तिमय माहौल में रंग गया। शुभ मुहूर्त में शहर के प्रमुख मंदिरों-मां काली मंदिर, शीतला मंदिर, मां कर्मा मंदिर, मां दुर्गा दरबार, मां दुर्गा वाहिनी सहित अन्य सभी देवी मंदिरों में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई। पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के बीच श्रद्धालुओं ने ज्योति कलश प्रज्वलित कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना की। शाम होते ही मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। महिलाएं पूजा-अर्चना करती नजर आईं, वहीं युवाओं और बच्चों में भी विशेष उत्साह दिखाई दिया। दिनभर शहर के विभिन्न मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान और पूजा-पाठ का सिलसिला चलता रहा। वातावरण में गूंजते जयकारों और भक्ति गीतों ने पूरे शहर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। नवरात्रि पर्व के आगमन से बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है जगह-जगह पूजा सामग्री की दुकानें सजी हुई हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि नवरात्रि का यह पर्व शक्ति की आराधना का विशेष अवसर है, जिसमें मां दुर्गा की उपासना से जीवन में सुख-समृद्धि और शांति का संचार होता है। आने वाले नौ दिनों तक शहर में इसी तरह भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहेगा।









### सेम्हरतरा के शीतला माता मंदिर में 17 ज्योति प्रज्वलित



**राजिम।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर राजिम क्षेत्र के ग्राम सेम्हरतरा के शीतला माता मंदिर में 17 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित हुआ है। समूचे ग्रामवासी इस अवसर पर मौजूद थे। पंडित के मंत्रोच्चारण के बीच पूरे विधि-विधान के साथ ज्योति कलश प्रज्वलन किया गया। यह आयोजन ग्राम की एकजुटता, संस्कार और परंपरा का सजीव उदाहरण बना। नवरात्रि का यह पर्व हर व्यक्ति को आत्मिक शांति, धैर्य और सकारात्मक ऊर्जा से भरता हुआ दिखाई दिया। इस पावन अवसर पर ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, इंद्र साहू, किशोर साहू सहित ग्राम विकास समिति के दयाराम साहू, मनोहर साहू, दौलत साहू, चेतन साहू, खेमू साहू, नारायण साहू, रामप्रसाद साहू, केशव साहू, बैगा बुधारू साहू, पवन साहू, टीकम साहू मौजूद थे। माता शीतला के दरबार में प्रज्जवलित ज्योति कलश ने यह संदेश दिया कि जब समाज एक साथ आस्था के सूत्र में बंधता है, तब हर संकट छोटा और हर मनोकामना पूर्ण होने की आशा प्रबल हो जाती है। यह आयोजन ग्राम सेम्हरतरा के लिए न केवल एक धार्मिक क्षण, बल्कि पीढ़ियों तक स्मरण रहने वाला भावनात्मक और सांस्कृतिक अनुभव रहा।

### मां महामाया मंदिर में 900 और शीतला मंदिर में 111 ज्योति कलश जले

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम




चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर शहर के प्राचीन मां महामाया मंदिर में 9 सौ एवं शीतला माता मंदिर में 111 ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया। शुभ मुहुर्त में मां महामाया मंदिर के मुख्य पुजारी बलदाऊ सिंह ठाकुर ,पुरोहित विजय शर्मा एवं बैगा हेमलाल धीवर की उस्थिति में मंत्रोच्चार से ज्योति प्रज्वलित हुआ। इस अवसर पर मां महामाया शीतला माता प्रबंध समिति के अध्यक्ष लीलेश्वर यदु, नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, धर्मेंद्र शर्मा, अशोक श्रीवास्तव, फागुराम निषाद, बाल्मीकी धीवर ,राजू साहू, रामनारायण साहू, भवानीशंकर साहू, पवन सोनी, अशोक शर्मा, गोवर्धन सोनी, रामकुमार साहू, रिकेश साहू, साधु निषाद, लखन महोबिया, भोले साहू, अरविंद यदु, जीतू सोनी, राकेश, रमेश साहू, भवानीशंकर साहू, संजय सोनी, उत्सव महोबिया, चंद्रभानसिंह ठाकुर, लखन निर्मलकर, भारत सेन, राजू निषाद, फागु निषाद, संजयसिंह ठाकुर, अरविंद यदु, गोपाल निषाद, गौरव ठाकुर, शत्रुहन निर्मलकर, श्रवण साहू, आशीष साहू, गोलु विमल निषाद, विक्की साहू, बल्लू निषाद, सुनील देवांगन, रामप्रताप साहू, वासुदेव निषाद, सुनील गुप्ता, अनिल गुप्ता, राजू साहू, रामनारायण शर्मा, पन्ना साहू, लोकेश सोनी, नारायण धीवर, भागवत साहू, उत्तम निषाद, राकेश गुप्ता, चोवा साहू, गौरव ठाकुर, कान्हा महोबिया, गोपाल गौरव सहित बड़ी संख्या में देवी मां के भक्त मौजूद थे।

## पैरी उद्गम स्थल पर उमड़ा आस्था का सैलाब, मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्वलित


हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर







प्रेम से बोलो जय माता दी, सारे बोलो जय माता दी जैसे गगन भेदी जयकारों के साथ सैकड़ों माता के भक्त श्रद्धालुओं की भीड़ पैरी उद्गम भाठीगढ़ में चैत्र नवरात्र प्रारंभ होते ही भारी संख्या में श्रद्धालुओ की भीड़ प्रदेश के कोने कोने से पैरी उद्गम स्थल भाठीगढ़ पहुंच रही है, क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक व पर्यटन स्थल के रूप में विख्यात पैरी उद्गम तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 03 किमी की दूरी पर स्थित है, यहां घने जंगल व कई मनोरम दृश्य के साथ विशाल पहाड़ी है और इस पहाड़ी से पैरी नदी का जन्म हुआ है, जमीन सतह से लगभग एक हजार फीट की उंचाई पहाड़ी के उपर बड़े बड़े चट्टानो के बीच से पैरी नदी का उद्गम स्थल है जहां मंदिर का निर्माण किया गया है और इस उद्गम स्थल मे जल कुंड बना हुआ है जहां से लगातार बारहो माह पानी की धार बहती रहती है जिसे पैरी उद्गम स्थल के रूप मे जानते है और यह पैरी उद्गम से बहने वाली पानी की धार त्रिवेणी संगम राजिम मे मिलती है माता पैरी के मंदिर मे सच्चे मन से जो भी मुरादे, मन्नते मांगी जाती है उसे मां अवश्य रूप से पूरा करती है इसलिए प्रदेश के कोने- कोने से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ की भीड़ खासकर नवरात्र के अवसर पर यहां पहुंचकर पहाड़ी मे चढ़कर माता से मन्नते मांगते है। पैरी उद्गम स्थल में नवरात्र में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिल रहा है चारो तरफ यहां का माहौल धार्मिक मय हो गया है और माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंज रहा है, पैरी उद्गम पहाड़ी के नीचे पैरी विकास समिति द्वारा ज्योति कलश प्रज्जवलित कर माता सेवा किया जा रहा है और यहां रात को माता सेवा के साथ आदिवासी परम्परा अनुसार देवी- देवताओं की सवारी निकाली जायेगी जिसे देखने व आशीर्वाद लेने रात को भी बड़ी संख्या मे यहां श्रद्धालु पहुंच रहे है, भाठीगढ़ पैरी उद्गम मे मां बम्हनीन, मां दंतेश्वरी, मां भाठीगढीन, मां पहाडी वाली, मां कालाकुवंर, पाठदेवी सहित प्राकृतिक शिवलिंग का मंदिर है जहां हमेशा लोगो की भीड़ पूजा अर्चना करने उमड़ पड़ती है। तहसील मुख्यालय मैनपुर वन विभाग स्थित दुर्गा मंदिर में चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन पंडित योगेश शर्मा द्वारा विधि विधान से पुजा अर्चना कर मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया यहां सैकड़ों की संख्या में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया है। आज प्रथम दिन से ही भारी भींड श्रद्धालुओं की उमड़ रही है। वहीं क्षेत्र के उदंती मंदिर, बाजाघाटी मंदिर, धवलपुर, मोंहदा, बिन्द्रानवागढ में नवरात्र के पर्व पर ज्योति कलश प्रज्जवलित कर माता सेवा प्रारंभ किया गया है।



### माता रमई पाठ धाम 1105 ज्योति कलशों से जगमगाया

**मुड़ागांव(कोरासी)।** छत्तीसगढ़ की पावन धरती पर स्थित गरियाबंद जिले के छुरा विकास खण्ड के अंतिम छोर पर बसे ग्राम सोरिद खुर्द से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर, आठवीं शताब्दी के प्राचीन गादी माई की गोद में विराजमान रमई पाठ देवी मंदिर में चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर भक्ति और



आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। चैत्र नवरात्र के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा अपनी मनोकामना पूर्ण होने की भावना के साथ 1105 ज्योतियां प्रज्वलित की गईं, जिससे पूरा माता रमई पाठ धाम दीपों की दिव्य रोशनी से जगमगा उठा। यह अलौकिक दृश्य श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और भक्ति का प्रतीक बना हुआ है। माता रमई पाठ धाम में जलती हुई यह आस्था की ज्योति न केवल वर्तमान में श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान कर रही है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी श्रद्धा, विश्वास और मार्गदर्शन का प्रेरणास्रोत बनी रहेगी। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस से ही यहां दानदाताओं द्वारा निरंतर भोजन भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जहां सैकड़ों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। पूरे क्षेत्र में भक्ति, सेवा और समर्पण का वातावरण बना हुआ।

## छुरा के मानस मंदिर में यज्ञ-हवन और पंचांग पूजन के साथ निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नगर में स्थित मानस मंदिर प्रांगण में हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति के साथ विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधिवत यज्ञ-हवन, पंचांग पूजन एवं कलश पूजन संपन्न कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई, जिसमें यज्ञेश महराज ने यज्ञ पूजन कराया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने आहुति देकर नववर्ष के मंगलमय होने की कामना की। इसके पश्चात पंचांग पूजन कर नए वर्ष के शुभ मुहूर्त, तिथि एवं ग्रह-नक्षत्रों की जानकारी दी गई। कलश पूजन के साथ वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और एक-दूसरे को हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, भक्तगण एवं धर्मप्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर समाज में सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। तत्पश्चात मानस मंदिर से बजरंग चौक तक शोभायात्रा निकालकर बजरंग चौक में भगवान



बजरंगबली की पूजा की गई फिर वह सुबह यात्रा निकालकर मां शीतला मंदिर में पहुंचकर माता जी की पूजन अर्चन कर पुनः मानस मंदिर प्रांगण में पहुंची। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिकता का विशेष माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर गोपाल सोनी, निखिल साहू, अखिल चौबे, नीरज नायक, मिथलेश सिन्हा,हीरालाल साहू, सफर सचदेव, नरेंद्र पटेल, नारायण पटेल, महेंद्र पटेल, ईश्वर सिन्हा, ललित राठौर, अजय चंद्राकर, कुश साहू, कुलेश्वर सिन्हा, मनीष शारडा, टिकेश्वरी साहू, नर्मदा सिन्हा, रुद्रांशी सिन्हा, कमल कंसारी, रजत कुकरेजा, एलिका सिन्हा, कुलेश्वरी देवांगन, कमला यादव, कुलेश्वर सिन्हा, प्रहलाद पटेल, तेजेश्वरी कंवर हेमनारायण देवांगन, अल्का सिन्हा, कविता यदु, टोमन ठाकुर, कमला बरिहा, यशवंत यादव प्रेम साहू



विक्कू चंद्राकर किरण शर्मा, ओम प्रकाश यादव एवं गणमान्य नागरिक श्रद्धालु जन उपस्थित थे।

## पोड़ में साहू समाज के आदर्श विवाह में शामिल हुए विधायक

# साहू समाज के आदर्श विवाह में दो जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

ग्राम पोड़ में परिक्षेत्र साहू समाज चंपारण-नवागांव एवं ग्राम साहू समाज के तत्वावधान में आदर्श विवाह हुआ। सर्वप्रथम मां कर्मा माता की पूजा अर्चना और यज्ञ हवन किया गया। खिचड़ी का भोग लगाकर प्रसादी वितरण किया गया। इसके बाद समाज के सैकड़ो महिलाएं सर पर कलश लेकर कर्मा रथ के साथ शोभा यात्रा पर निकली। साथ ही दो जोड़ा वर वधु को भी राउत नाचा एवं डीजे के धुन में नाचते गाते गली भ्रमण कराया गया। ग्रामीणजन कर्मा माता की आरती उतार कर श्रीफल भेंट कर पूजा किए। गोधुली बेला में पानी ग्रहण किया गया। परिक्षेत्र साहू समाज चंपारण-नवागांव के पदाधिकारियों ने बर्तन, पलंग, गद्दा तकिया, ड्रेसिंग टेबल उपहार स्वरूप प्रदान किए। साथ ही तहसील एवं ग्राम साहू समाज के अनेक लोगों ने उपहार प्रदान किये और आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में मौजूद विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि मां कर्मा, माता राजिम एवं दानवीर भामाशाह हमारे तेली कुल के गौरव है जिन्होंने अपने कर्मों से तेली कुल का मान बढ़ाया जिनके नाम से राजिम पड़ा। कर्मा माता के हाथों की बना हुआ खिचड़ी खाने श्री जगन्नाथ भगवान स्वयं चलकर आए। महाराणा प्रताप जब युद्ध में सब कुछ गवां बैठे थे ऐसे समय में दानवीर भामाशाह अपना सब कुछ समर्पित कर देश की रक्षा में अपना अहम योगदान दिया। आदर्श विवाह भी हमारे समाज के बुजुर्गों द्वारा आज से 50 वर्ष पूर्व बागबाहरा ब्लॉक के मुनगाशेर गांव से शुरूआत किया ताकि शादी में कर्ज, फिजूल



खर्ची, व बाहरी आडंबर से बचे रहे।

आज सरकार भी हर वर्ष हजारों जोड़ों का विवाह महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से कराता है। बेटियों के सम्मान में हमारी सरकार अप्रैल माह से बेटियों के जन्म होते ही एक फिक्स राशि जमा करने जा रही है जो 18 वर्ष की उम्र में डेढ़ लाख की एक मुश्त राशि मिलेगी। विधायक श्री साहू ने दोनों जोड़ों को अपनी ओर से 5-5 हजार रूपए प्रदान किया। प्रमुख अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि माता कर्मा, माता राजिम तेली कुल के आराध्य देवी हैं। नारी शक्ति आदिकाल से पूजनीय वंदनीय है। ग्राम पोड़ के लोगों की शिक्षा के प्रति शुरू से ही गहरा लगाव रहा है। एक समय जब राजधानी भोपाल तक जाकर यहां के बड़े बुजुर्गों ने हाई स्कूल स्वीकृत कराकर लाए थे यह गांव हमारे परिवार व घर जैसा है। इससे पहले भी बड़े-बड़े कार्यक्रम हुए। जिससे इस गांव का नाम प्रदेश स्तर तक जाना जाता है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, ब्रम्हानंद साहू, जितेंद्र बंजारे, परदेसी राम साहू, तुलेश साहू, गेंदलाल साहू, रामकुमार हिरवानी, कमला साहू , भुवन साहू, निर्मला साहू, मनीष साहू, पुष्पा साहू, कुंती साहू, तुकेश साहू, धनमती साहू, गीता साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

